**सार-समाचार**

## लेकसिटी का बढ़ाया मान

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार के प्रमुख चिकित्सा शिक्षण संस्थान नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (छठम्), न्यू दिल्ली द्वारा हाल ही में वर्ष-2022 से विदेशी चिकित्सकों के लिये दो वर्षीय चिकित्सा प्रशिक्षण देने हेतु फेलोशिप इन न्यूरोवास्कुलर इंटरवेंशन में प्रवेश प्रारम्भ किया हैं।जैसा कि सर्वविदित हैं कि भारतीय चिकित्सक पुरे विश्व में चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी रहें हैं चाहे वह अमेरिका, इंग्लैंड, यूरोप या मिडिल ईस्ट देश हो, पहले भारतीय चिकित्सकों को मुलभुत आधुनिक चिकित्सा इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते, आधुनिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिये विदेशों में जाना पड़ता था, चूँकि आज देश में बेहतर चिकित्सा इंफ्रास्ट्रक्चर चाहे वह मशीन की बात हो या कुशल चिकित्सक की उपलब्धता, दोनों ही आज भारत में उपलब्ध हैं।संस्थान चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल एवं प्रीति अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस चयन का आधार संस्थान में उपलब्ध आधुनिक चिकित्सा उपकरण बाई प्लेन न्यूरो कैथलेब, ऑपरेशन थिएटर, आई सी यु, अस्पताल द्वारा उपचारित मरीजों की संख्या, रेजिडेंट हॉस्टल, कॉलेज लाइब्रेरी और अनुभवी चिकित्सकों की उपस्थिति रहा हैं।संस्थान सीईओ शरद कोठारी ने बताया की भारत में प्रथम बार छठम् की ओर से विदेशी चिकित्सकों हेतु कुछ चुनिन्दा चिकित्सा सुपर स्पेशलिटी में प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया हैं। जिसके तहत न्यूरो इंटरवेंशन में देश के दो चिकित्सा शिक्षण संस्थान को नामांकित किया गया हैं।

## आईपीएस कंवरिया ने संभाला कार्यभार

**डूंगरपुर, (निसं)।** भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2०18 बैच के अधिकारी कुंदन कंवरिया ने बुधवार को डूंगरपुर एसपी का कार्यभार संभाला। एएसपी और डिप्टी सहित एसपी ऑफिस के स्टाफ ने उनका स्वागत किया। आईपीएस कुंदन कंवरिया उदयपुर एएसपी के पद से ट्रांसफर होकर डूंगरपुर आए हैं। कार्यभार संभालने के बाद एसपी कंवरिया ने जिले में कानून व्यवस्थाए संगठित अपराधों पर नियंत्रण और शराब की अवैध तस्करी पर लगाम लगाने को अपनी प्राथमिकता बताई।उदयपुर एएसपी के पद से डूंगरपुर एसपी के पद पर तबादला होने के बाद अखिल भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2०18 बैच के अधिकारी कुंदन कंवरिया बुधवार को डूंगरपुर पहुंचे। डूंगरपुर एसपी ऑफिस पहुंचने पर पुलिस के जवानों ने आइपीएस कुंदन कंवरिया को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद कंवरिया ने डूंगरपुर एसपी का कार्यभार संभाला। एएसपी सुरेश सामरियाए डिप्टी राकेश शर्मा ने एसपी कंवरिया का स्वागत किया। एसपी कुंदन कंवरिया ने कहा कि पुलिस मुख्यालय की ओर से दिए निर्देशों की पालना के साथ जिले में कानून व्यवस्था और संगठित अपराधों पर नियंत्रण पहली प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही डूंगरपुर जिले के बॉर्डर जिला होने से अवैध शराब तस्करी पर लगाम लगाना भी उनकी प्राथमिकताओ में शामिल है।

## स्थापना दिवस मनाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** मुस्लिम महासंघ का संभाग स्तरीय आठवां स्थापना दिवस उदयपुर स्थित हजरत गुलाम इमरत रसुल बाबा की दरगाह परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महासंघ के नगर अध्यक्ष मोहम्मद अय्युब फौजदार ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मुहम्मद बक्ष ने की। जबकि मुख्य अतिथि बार कौंसिल के अध्यक्ष राकेश मोगरा व विशिष्ठ अतिथि स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक जुल्फीकार काजी, जिला स्पोर्ट्स ऑफिसर शकील अहमद, जिला आईटी इंचार्ज मजहर हुसैन, दरगाह समिति के सदर सरवर खान थे। प्रोग्राम का आगाज तिलावत-ए-कुरआन से हाफिज आजम साहब ने किया। इस मौके पर महासंघ में किये गए अच्छे कार्यो को देखते हुए डूंगरपुर निवासी अनीस अहमद मलिक को एचिवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। वही अरशद हुसैन मलिक को संयुक्त संगठन सचिव उदयपुर संभाग एवं फजले हुसैन मलिक को डूंगरपुर-बांसवाडा का जिला ग्रामीण क्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त कर तीनों को फुल मालाओ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत महासंघ द्वारा नशा मुक्ति, भिखारी मुक्ति अभियान चलाया गया। उसके तहत समाज के बुद्धिजीवी व नौजवानों ने संकल्प लेकर इसको मिटाने का प्रण लिया।

## पदभार ग्रहण किया

**मंडफिया, (निसं)।** नवनियुक्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया के नए मुख्य निष्पादन अधिकारी अभिषेक गोयल ने बुधवार को भगवान सांवलिया जी सेठ के दर्शन कर मंदिर का पदभार ग्रहण किया। इसी प्रकार नवनियुक्त कपासन उपखंड अधिकारी अर्चना बलगारिया, भोपाल सागर उपखंड अधिकारी अमिता मान, रावतभाटा उपखंड अधिकारी दीपक खटाना ने भी अपने कार्यालय पर पदभार ठाहण करने के बाद मंडफिया पहुंचकर भगवान सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए। जानकारी के अनुसार मंदिर के नए मुख्य निष्पादन अधिकारी अभिषेक गोयल एवं नए उपखंड अधिकारियों का मंदिर कार्यालय में सांवलिया जी मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर, बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी, संजय कुमार मंडोवरा आदि ने उपरना एवं प्रसाद भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर नवनियुक्त मुख्य निष्पादन अधिकारी गोयल ने मंदिर बोर्ड अध्यक्ष एवं बोर्ड सदस्यों से चर्चा कर मंदिर इतिहास एवं मंदिर गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

## हेड कांस्टेबल को दिया प्रोत्साहन

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने बुधवार को अपने कार्यालय में यातायात शाखा के ईमानदार हेड कांस्टेबल ख्यालीलाल को उनकी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से प्रभावित होकर प्रशस्ति देकर प्रोत्साहित किया। यातायात पुलिस उपाधीक्षक कुशाल सिंह चोरडिय़ा ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि गत दिनों यातायात शाखा में नियुक्त हेड कांस्टेबल ख्यालीलाल को फतहसागर झील किनारे यातायात व्यवस्था ड्यूटी के दौरान एक मोबाइल मिला जिसे उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल मालिक का पता करते हुए उसे लौटाया। एसपी शर्मा ने उनकी इस कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी की तारीफ की।

## एसपी राशि डोगरा को दी विदाई

**डूंगरपुर, (निसं)।** पुलिस विभाग की ओर से एसपी ऑफिस परिसर में विदाई कार्यक्रम भी रखा गया। एसपी राशी डोगरा डूडी को पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने विदाई दी। वहींए नए एसपी का स्वागत किया। तत्कालीन एसपी राशि डोगरा ने कहा कि उन्हें डूंगरपुर में काम करने का कम समय मिलाए लेकिन उन्होंने इस दौरान अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। वहीं जिले के पुलिस स्टाफ का भी पूरा सहयोग और प्रेम मिला है।


# कोटड़ा-देवला में विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा बुधवार को कोटड़ा क्षेत्र के सघन दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी कार्यालयों, विकास कार्यों, नरेगा साईट्स और अन्य स्थानों का दौरा किया और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

आज सुबह क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले कलक्टर ने कोटड़ा मुख्यालय पर स्थित उपखंड कार्यालय, उपकोष

■ ग्राम पंचायत स्तरीय दल की तैयारियों का जायजा लिया

कार्यालय, पंचायत समिति और मेरपुर उप तहसील का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर आम जनों को दी जाने वाली सेवाओं और लंबित कार्यों के बारे में जानकारी ली और यहां संधारित होने वाले रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से संवाद दौरान कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाला कोई भी व्यक्ति बेरंग न लौटे। उन्होंने हर परिवादी को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनने और संबंधित कार्यों को भी प्राथमिकता से संपन्न करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय भ्रमण दौरान जिला कलक्टर ने देवला और कोटड़ा क्षेत्र में विभिन्न ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों में हर पात्र को रोजगार दिलाने के साथ ही गुणवत्ता सुनिश्चित करने को भी कहा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रही कार्यशाला और राजीविका क्लस्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने राजीविका महिलाओं से आयजनक गतिविधियों और इसमें आ रही समस्याओं के बारे में बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने 17 फरवरी से क्षेत्र में शुरू होने वाले गतिमान प्रशासन बस के शिविर के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय दल की तैयारियों का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि अधिकाधिक ग्रामीणों को इन शिविरों से लाभान्वित करें।



**जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ( दाऐं से दूसरे ) ने कोटड़ा-मेवला दौरे के तहत विकास कार्यों व योजनाओं का निरीक्षण किया।**

# गौ सेवा समिति का प्रतिनिधि मंडल के.के.गुप्ता से मिला

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान के प्रमुख गौ सेवा प्रेमी संत महात्माओं के नेतृत्व में 28 फरवरी को प्रात:10.30 बजे वेदलक्षणा गौ सन्देश यात्रा का मंगलमय कार्यक्रम बादल महल डूँगरपुर में पूज्यपाद गौ श्री दत्तशरणानंद महाराज, महन्त दिनेश गिरी जी एवम गौ संत श्री गोपालानंद सरस्वती जी के सानिध्य में समस्त सनातनि गौ भक्तों एवम गौ शालाओं के तत्वावधान में श्री कमलेश

■ आगामी 22 मार्च से रामकथा का होगा आयोजन

भाई शास्त्री के मार्ग दर्शन में आयोजित होगी एवं आगामी 22 मार्च से 30 मार्च तक रामकथा आयोजित की जावेगी।

श्री वेदलक्षणा गौ महिमा सन्देश सभा आयोजन एवम नव दिवसीय रामकथा हेतु रामकथा वाचक श्री कमलेश भाई शास्त्री के सानिध्य में गौ सेवा समिति का प्रतिनिधि मंडल ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राष्ट्रीय सदस्य के के गुप्ता से भेंट कर आयोजन समन्धित जानकारी प्रस्तुत की।स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सदस्य गुप्ता ने श्री कमलेश जी शास्त्री जी के आयोजन के प्रस्ताव पर प्रसन्नता जाहिर कर उक्त दोनों आयोजन को सफल बनाने हेतु सहयोग करने की का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि डूँगरपुर जिले में सामाजिक समरसता बनाने हम हर सम्भव कार्य करेंगे साथ ही इन धार्मिक-सामाजिक आयोजन को सफल बनाने जनमानस से सम्पर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके सभापति कार्यकाल में गत वर्ष 2016 में गौ के लिए ठाास के रूप में एक संदेश दिया गया था और नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। नगर वासियों को यह प्रेरणा मिली थी कि घर की पहली रोटी गाय के लिए निकाली जाए। इसी प्रकार का एक भव्य आयोजन डूंगरपुर नगर में किया जा रहा है। जिसमें सर्व समाज सहित वंचित वर्ग की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।



**गौ सेवा समिति का प्रतिनिधि मंडल के.के.गुप्ता ( बायें ) से मिला**

## आरोपी को 5 साल की जेल

**डूंगरपुर, (निसं)।** एसीजेएम कोर्ट डूंगरपुर ने 11 साल पुराने चैन स्नेचिंग के आरोपी को दोषी मानते हुए 5 साल के कठोर कारावास से दंडित किया है। साथ ही दोषी 10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। वहीं, मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी की मौत हो गई थी।

एसीजेएम मुकेश चावला ने बुधवार को 11 साल पुराने चैन स्नेचिंग के केस की सुनवाई करते हुए सजा का एलान किया। 24 अप्रैल 2012 को गोवर्धनसिंह सुराना की पत्नी संभवनाथ मंदिर से दर्शन कर लौट रही थी की रास्ते में शार्दुलसिंह के घर के पास कलेक्ट्री की और से बाइक पर आए दो बदमाशों ने सुराणा की पत्नी के गले में पहनी चैन खींच ली और भाग गए थे। जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने शातिर चैन स्नेचर रहे बिलख केशरियाजी निवासी अर्जुन अहारी और उसके सहयोगी खुटानेरी भूधर केशरियाजी निवासी कन्हैयालाल उर्फ कनु कलासुआ को गिरफ्तार कर चालान पेश किया था। मामले के कोर्ट ट्रायल के बीच 2019 में अर्जुन के सहयोगी कनु की बीमारी से मौत हो गई थी। ऐसे में कनु के खिलाफ कोर्ट की कारवाई ड्रॉप कर दी गई थी। बुधवार को मामले की सुनवाई पूरी करते हुए एसीजेएम मुकेश चावला ने अर्जुन को 5 साल केकारावास की सजा सुनाई है।

## आवेदन 28 फरवरी तक

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय निगमों के तहत विभिन्न प्रकार के ऋणों के लिये अब 28 फरवरी तक आवेदन किए जा सकेंगें।

राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विशेष योग्यजन वर्ग के व्यक्तियों को निगम कार्यालय से स्वरोजगार हेतु वर्ष 2023-23 में विभिन्न योजनाओं में ऋण देने के लिये आवेदन लिए जा रहे है।परियोजना प्रबंधक गिरीश भटनागर ने बताया कि ऋण लेने के इच्छुक आवेदक द्वारा अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से अनुजा निगम वेब पोर्टल पर स्वयं या ई-मित्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# हार्दिक-नताश की हुई हिंदू रीति-रिवाज से शादी

**उदयपुर, (कासं)।** भारतीय टीम के धुरंधर ऑलराउंडर हार्दिक पण्डया की उदयपुर में मंगलवार को 'वाईट वेडिंग' होने के बाद बुधवार को हिंदु रीति रिवाज से उन्होंने शादी की रस्में पूरी की। तीन दिन से उदयपुर के होटल राफेल में हो रही इस वेडिंग में कई क्रिकेट सितारों का जमावड़ा लगा रहा। बुधवार को इस शादी का हिस्सा बनने देश के बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र आकाश अंबानी व उनकी पत्नी भी उदयपुर पहुंचे।

क्रिकेटर हार्दिक पण्डया की वर्ष 2020 में नताशा स्टेनकोविक के साथ शादी हुई थी। पिछले दिनों हार्दिक पण्डया को वेलेंटाइन पर सरप्राइज देने के लिए इस वाइट वेडिंग की पूरी प्लानिंग पत्नी नताशा की ओर से की गई थी। बीते सप्ताह जब नताशा को एयरपोर्ट पर देख फोटोग्राफस फोटो क्लिक कर रहे थे तो उन्होंने कहा था कि फोटो क्लिक न करें क्योंकि वे हार्दिक पण्डया को बड़ा सरप्राइज देने जा रही ह

ै। इसके बाद उन्होंने इस वेडिंग इवेंट की पूरी प्लानिंग की और इसके लिए उदयपुर को चुना। हार्दिक को नताशा की ओर से इसे वेलेंटाइन पर वाइट वेडिंग कर एक सरप्राइज दिया गया।उदयपुर में 13 फरवरी को दोनों ही परिवार इस वेडिंग के लिए उदयपुर पहुंचे थे जिनमें उनके भाई कुणाल पण्डया, बेटे अगस्त्या व परिचित शामिल थे। 14 फरवरी शाम को हुई इस वेडिंग में क्रिकेटर जगत से जुड़े अनिल कुंबले, दिनेश कार्तिक, वीवीएस लक्ष्मण, साक्षी धोनी, जवागल श्रीनाथ, वेंकटेश परसाद, ईशान किशन सहित क्रिकेट जगत से जुड़ी कई हस्तियां उदयपुर पहुंची थी। इसके साथ ही चार्टर विमान से केजीएफ से प्रसिद्ध हुए सुपरस्टार यश (रॉकी भाई) भी उदयपुर आए थे।जानकारों के अनुसार बुधवार को उनकी हिंदु रीति-रिवाज से शादी हुई। इसके बाद मेहमानों के लिए भोज हुआ। तीन दिन तक चले इस आयोजन में शामिल हुए मेहमान गुरूवार को लौटना शुरू होंगे।

**सार-समाचार**

## शेखावत ने लक्ष्यराज से की मुलाकात



**उदयपुर, (कासं)।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से सिटी पैलेस में मुलाकात कर मेवाड़ का सियासी पारा चढ़ा दिया है। केंद्रीय मंत्री शेखावत और लक्ष्यराज सिंह के बीच करीब एक घंटे तक वार्ता हुई। भाजपा-संघ की लक्ष्यराज सिंह से लगातार बढ़ती नजदीकियां चर्चा में हैं। पिछले दो माह में लक्ष्यराज सिंह की यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान और केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल से मुलाकात हो चुकी है। हालांकि लक्ष्यराज सिंह अभी-भी इन सभी मुलाकातों को शिष्टाचार भेंट बता रहे हैं।

## दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने 9 जनवरी को पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 31 दिसंबर को आवरडा हाइवे के पास जा रही थी। इस दौरान आई पप्पु गायरी ने पास आकर कार रोकी तथा गेट खोल कर गोपाल गायरी पुत्र वक्ता गायरी व साथी रामलाल ने पकड कर खिंच कर कार में बिठा कर अपहरण कर सुन सान एरिये में ले गए। जहां वेन रोक मुझे व गोपाल को निचे उतार चालक कार लेकर चला गया। गोपाल ने चाकू दिखा जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद पप्पु व रामलाल दोनों कार लेकर आए तथा मुझे गोराणा की तरफ ले गए। इस दौरान पता चलने पर परिजनों द्वारा पिछा करने पर ग्रामीणों की मददे से आरोपियों के चंगुल से मुझे मुक्त कराया। इससे पूर्व भी आरोपी मुझे गुजरात ले गए तथा 8-10 दिन मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा कमरे में बंद रखा। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदर कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्रसिंह के सुपरविजन में झाड़ोंल थानाधिकारी श्रवण जोशी के नेतृत्व में गठित दल ने नान्देशमा फला गायरीयावास सायरा निवासी रामलाल गायरी को गिरफ्तार किया।

## तापमान 33 डिग्री पार पहुंचा

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों के शहर में अब सर्दी का असर सुबह व शाम को ही देखा जा रहा है जो होली तक बनी रहेगा। इधर, शहर के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में एक ही दिन में सवा छह डिग्री की बढोतरी हुई है। दिन के तापमान में चार डिग्री व रात के तापमान में सवा दो डिग्री की वृद्धि हुई।लेकसिटी में इस सप्ताह तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहा। हवाओं के चलने से गत सोमवार को रात का तापमान गिरकर 7.4 डिग्री पर पहुंच गया था लेकिन बीते दो दिनों से भरी दुपहरी में अब धूप चुभने लगी है। वहीं तापमान में भी इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो मंगलवार को क्रमश: 29.2 व 8.8 डिग्री पर था। इस सप्ताह सर्दी से राहत के साथ ही लेकसिटी से अब ठंड का फेयरवेल हो चुका है।

## हमले में स्कूटी सवार युवक घायल

**उदयपुर,(कासं)।** आपसी कहासूनी होने पर कार में सवार आरोपी व साथियों ने प्राणघातक हमला कर स्कूटी सवार को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित वीआईपी कॉलोनी सविना निवासी कन्हैयालाल पुत्र चन्दुमल सिंधी ने वीआईपी कॉलोनी निवासी शराफत खांन व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 14 फरवरी सांय मेरा पुत्र दिव्यांशु स्कूटी लेकर जा रहा था। जहां बीच रास्ते कार में सवार आरोपी से कहानूसी होने पर निचे उतार कर आरोपी व साथियों ने पुत्र पर हमला कर फरार हो गए। घायल पुत्र को चिकित्सालय के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचा कर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

## नकदी हड़पी

**उदयपुर,(कासं)।** बहन ने बहन व बहनोई के खिलाफ नकदी हडपने का मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार पीडित कृष्णपुरा निवासी मिनाक्षी सालवी पत्नी मुकेश सालवी ने भीलवाडा निवासी अपनी बहन सरीता राठोड व बहनोई समुद्रसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Zarina से बदलकर Zarina Jukkerwala रख लिया है। आगे भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पुकारा जावें।

**Zarina Jukkerwala W/O Zulfikar Ali Ashiq Husain**
**पता: 2, Kharol Colony, Fatehpura, Udaipur**



प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 )देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द**

सं. 3933 **लोक सूचना** दिनांक: 14/02/2023

श्री रोशनलाल पिता श्री भेरूलाल गाडरी निवासी गायरीवास घोईन्दा द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | घोईन्दा | 3465 | रकबा 0.405 हैक्टेयर में से रकबा 0.0154 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14-02-2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगरपरिषद, राजसमन्द


# उल्लेखनीय कार्य करने वाली 25 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**उदयपुर, (कासं)।** मेवाड़ के महाराणा भूपाल सिंह जी की 139वीं जयंती के तहत आयोजित पांच दिवसीय समारोह के चौथे दिन बुधवार को राजस्थान विद्यापीठ के संघटक साहित्य संस्थान एवं लोकजन सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में शिक्षा, साहित्य, समाज, संगीत, कला, संस्कृति, धरोहर, खेल एवं देश सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 25 विशिष्ठजनों का कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, ले.जर्नल एनके सिंह राठौड, प्रो. विमल शर्मा, प्रो. गिरिशनाथ माथुर, जितेन्द्र सिंह मेजा, रमेश चंद शर्मा, डॉ. जीएल मेनारिया, प्रो. गिरिश नाथ माथुर, जय किशन चौबे ने माला, उपरणा, पगडी, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि हम जो जीवन जी रहे है उससे धीरे धीरे हमारे अंदर संस्कार आते है और संस्कार से संस्कृति, संस्कृति से हमारी विरासत बनती है, जिस देश के संस्कार एवं संस्कृति सुदृढ है एवं अद्भुद है वो एक दिन हमारी विरासत बन जाती है। आज भारत की सैकडों वर्षो पुरानी संस्कृति है। अन्य देशों वहॉ की संस्कृति धीरे धीरे लुप्त हो गई है, लेकिन भारत में कितने ही आक्रान्ताएँ लेकिन हमारी संस्कृति इतनी मजबूत है कि उसे तोड़ नहीं सकें। कोविड के समय हमारी संस्कृति एवं विरासत नीव का पत्थर के रूप में साबित हुई। आयोजन सचिव जयकिशन चौबे ने बताया कि समारोह में नार्वे के टोर गुलब्राण्डसन को महाराणा भूपाल सिंह सेवा सम्मान, अम्बालाल सनाढ्य, निकुंज भटट्, ओम प्रकाश माली, प्रमोद सनाढ्य, अनिल शर्मा, गोपाल लाल शर्मा, प्रमिला शरद व्यास, डॉ. राकेश माथुर , प्रेम प्रियम वदा सिंह, यदुनंदन त्रिपोठी , राजेश्वर त्रिपाठी, चेतन सिंह पंवार, पृथ्वीराज सिंह चारण, लक्ष्यराज सिंह चौहान, दिनेश कोठारी, पुष्करदास वैष्णव, जीवन सिंह राव, डुंगरलाल रेबारी, रघुराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह चौहान, महाराज गजसिंह राणावत, हीरालाल जोशी, डॉ. नुतन कवितकर, सुखदेव उपाध्याय, लादुलाल तेजी, लखाराम गुर्जर , कर्णसिंह चुण्डावत को विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया।

संचालन प्रमीला शरद व्यास, डॉ. मनीष श्रीमाली ने किया जबकि आभार प्रो. विमल शर्मा ने दिया। समारोह में प्रो. जीवनसिंह खरकवाल, डा. जितेन्द्र मोहन भटट्, गणेश लाल नागदा, इन्द्रजीत सिंह राणावत, डॉ. कुलशेखर व्यास, निजी सचिव कृष्ण कांत कुमावत, चेनशंकर दशोरा, लोकेश दशोरा, शिरिष माथुर, डॉ. विवेक भटनागर, डॉ. महेश आमेटा, नारायण पालीवाल, शोयब कुरेशी, संगीता जैन, कमला शर्मा सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




**पांच दिवसीय समारोह को प्रो. सारंगदेवोत ( दाऐं ) ने संबोधित किया।**

## कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति की कोर कमेटी की बैठक नववर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव डॉ. प्रदीप कुमावत की अध्यक्षता में आलोक संस्थान, सेक्टर-11 में हुई जिसमें स्थानीय कोर कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया।

अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव डॉ. प्रदीप कुमावत ने बताया कि अखिल भारतीय नववर्श समारोह समिति चालीस वर्श से चले आ रहे नववर्श के पारम्परिक कार्यक्रमों का आगाज एक राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत से करेगी।डॉ कुमावत ने कहा की इस बार नव वर्ष कार्यक्रमो में ज़्यादा से ज्यादा आमजन को जोड़ने के लिए सर्व समाज, संगठनों, संस्थाओ से और भी संपर्क किया जायेगा। कार्यक्रमो को अंतिम रूप सर्व समाज, संगठन की 11 मार्च को आलोक संस्थान के व्यास सभागार में आयोजित बैठक में दिया जायेगा।इस अवसर पर के के कुमावत, कमलेन्द्र सिंह पवार, शशांक टॉक, डॉ जय राज आचार्य, किशन वाधवानी, पवन सुखवाल, भूपेंद्र सिंह भाटी, निश्चय कुमावत, प्रतीक कुमावत, अरविन्द जैन, वीरेंद्र पालीवाल आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तिरोल, पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक :- 70 दिनांक - 10/02/2023

**ई निविदा सूचना - 02/2022-23**

ग्राम पंचायत तिरोल में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यों हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 16.02.2023 सांय 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. ZUD2223GLRC00653**

सरपंच
ग्राम पंचायत तिरोल

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तिरोल